दिनांक 21 जून 2019 को अग्रवाल कॉलेज, बल्लबगढ़ में पाँचवा विश्व योग दिवस मनाया गया जिसमें समर्पण योग क्लब के सदस्यों के साथ एन० एस० एस०, आर० आर० सी०, वाई० आर० सी० और स्पोर्ट्स के छात्र छात्राओं ने योग आसन और व्यायाम किये ।

प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता के निर्देशन में महाविद्यालय के प्रवक्ताओं और गैर-शिक्षक वर्ग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को कॉलेज में मनाया गया । इस अवसर पर समर्पण योग क्लब के संयोजक डॉ० बांके बिहारी ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए योग पर स्वरचित कविता सुनाई । समर्पण योग क्लब के सदस्यों ने भिन्न भिन्न प्रकार के योग आसन करके सबको मन्त्र मुग्ध कर दिया ।

राष्ट्रीय योग खिलाडी रंजन पांडेय ने भी सूर्य नमस्कार, चंद्र नमस्कार और दुर्लभ योग आसन करवाये । इस अवसर पर प्रो० आर० पी० शर्मा, श्री नन्द किशोर, सीमा मलिक एवं नेहा गोयल तथा अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।